सार-समाचार

बाबा साहेब की जयंती पर शोभायात्रा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सविधान के रचियता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जयंती पर अम्बेडकर विकास मंच, भीम सेना की और से वाहन रैली के साथ शोभायात्रा निकाली गई। खोड़ा गणेश चौराहे से शुरू वाहन रैली मुख्य मार्गो से होती हुई सिटी रोड़ स्थित अम्बेडकर सर्किल पहुंची। शोभायात्रा में शामिल डॉ भीमराव अम्बेडकर की झांकी के अलावा अन्य नयनभिराम झांकिया, शाही बग्गी, ढोल, बेंड आदि आकर्षण का केंद्र रहे। वही सैकड़ो भीम सैनिक बाबा साहेब के जयकारे गुंजाईनमान कर साथ चल रहे थे। विधायक विकास चौधरी ने कार्यकर्ताओ के साथ शोभायात्रा व वाहन रैली पर पुष्प वर्षा कर अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल देश के लोगों के लिए पर्व के समान है। बाबासाहेब ने सभी को समानता का अधिकार देकर पीड़ित, शोषित, वंचित सहित सभी वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। विधायक विकास चौधरी ने किशनगढ़ स्थित अंबेडकर हॉस्टल में नया हॉल बनाने की घोषणा की। साथ ही लाइब्रेरी की स्थापना करने पर सहमति जताई।इस दौरान नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, वरिष्ठ नेता विश्राम बाना, जिला परिषद सदस्य जगदीश गोरा, पूर्व प्रधान रामनिवास किराडिया, राहुल चौरडिया, पार्षद महेंद्र यादव, तक्की मोहम्मद, धन्नालाल यादव, रफीक मोहम्मद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राकेश शर्मा, एडवोकेट दिनेश चौधरी, मदन जाजोरिया, कानाराम चोटिया, युवा नेता अशोक बरना, दीपक बिरला, अशोक भाटी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी, पार्षद सुरेंद्र सिंह, कैलाश गैना हिम्मत सिंह, अजित जैन, पंकज पहाड़िया, भाजपा नेता महेन्द्र पाटनी, युवा भाजपा नेता सुभाष चौधरी, सुनील दरडा, भागचंद चौधरी, विक्की साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इनके अलावा माली समाज, सिंधी समाज सहित विभिन्न समाज संगठन व संस्थाओ द्वारा शोभायात्रा का अभिनंदन किया।

मेड़ता नगरपालिका में कार्यक्रम हुआ

मेड़तासिटी, (निसं)। मेड़ता नगरपालिका परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम में मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, मेड़ता नगरपालिका अध्यक्ष पवन परतानी ने बाबा साहेब आंबेडकर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के माध्यम से देश को एक नई दिशा दी। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की मिसाल है, जिसने करोड़ों वंचितों को अधिकार और सम्मान के साथ जीने की राह दिखाई। उन्होंने ऐसा संविधान रचा, जिसने हर नागरिक को विचार, धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी। आज जब हम विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब उनके विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। वही कलरू ने कहा इस अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सामाजिक समरसता, न्याय और समान अवसर के लिए सतत प्रयास करेंगे। यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर मेड़ता जनता प्रधान संदीप चौधरी , उप जिला प्रमुख शोभाराम जयपाल , सीता देवी चौधरी, भाजपा नेता संजीव चौधरी, मंडल अध्यक्ष मोहित माला, पार्षद मानक दरक, पुसादास वैष्णव व कन्हैयालाल सोनी सहित कई पार्षद व कार्यकर्ता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

मसूदा में अंबेडकर जयंती मनाई

मसूदा, (निसं)। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस को समरसता दिवस के रूप में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा मसूदा द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म दिवस को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर प्रदेश उपसभा अध्यक्ष धीरज तर्क ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर साहबभारतीय संविधान के निर्माता एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत ठाम प्रमुख मुकेश कुमार कलवार ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर साहब ने समाज में छुआछूत की भावना मिटाने का कार्य किया तथा सभी को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकरतन सिंह देवड़ा ने कहा कि आप हमेशा अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने के लिए जियो इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह सोलंकी, प्रधानाचार्य विक्रम चौधरी, उप शाखा अध्यक्ष मंगल सिंह रावत, मंत्री राजा, पृथ्वी पाल सिंह, मेड़तिया सभा अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह रावत, अन्ना, नूर कठात, अमजद हुसैन,राजू लाल माली, किशनगोपाल मिश्रा, धर्मी चंद्रावत, सोहनलाल भाट, केसर सिंह चौहान, उमाशंकर, कमल किशोर व कई पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

भामसं ने मनाई अम्बेडकर जयंती

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती भामस कार्यालय भीलवाडा में द्वीप प्रज्जवल कर मनाई । भामस के वरिष्ठ व प्रदेश विधि सलाहकार प्रभाष चौधरी ने बाबा साहेब की जीवनी के बारे में विचार रखे तथा कहा कि बाबा साहेब के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री हरीश कुमार सुवालका ने बताया कि बाबा साहेब द्वारा देश व समाज को जोडने का प्रयास किया गया तथा उन्होनें अन्याय के विरूध आवाज उठाई । इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियो ने अपने अपने विचार रखें व बाबा साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान देवेन्द्र वैष्णव, बालमुकुन्द आचार्य, मानसिंह, शंकर नायक, फिरोज, राजेश जीनगर आदि उपस्थित थे ।

72 बच्चों को नए वस्त्र दिए

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से अजमेर के विभिन्न स्लम एरिया में रहने वाले जरूरतमंद 72 बच्चों को पेंट शर्ट, हाफ पेंट एवं सलवार सूट आदि की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में इस क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से दी गई सेवा से जरूरतमंद परिवार के 72 बच्चो तक सेवा पहुंचाई गई। सेवा पाकर सभी लाभार्थी बहुत प्रसन्न हुए एवं क्लब के प्रति आभार जताया।

रक्तदान शिविर आयोजित

आसींद, (निसं) । श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन प्रेम वाटिका में भारत माता की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। समाजसेवी संगठन का सहयोग लिया गया।

शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो दिया नारा

- डॉ. अम्बेडकर जयंती पर शहर भर में हुए कार्यक्रम, निकाली शोभायात्रा
- भाजपा-कांग्रेस सहित कई सामाजिक संगठनों श्रद्धासुमन अर्पित किए

अजमेर, (कासं)। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को शहरवासियों ने उन्हें याद किया। शहर में कई जगह वाहन रैली और शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, सरकारी और निजी संस्थाओं के कर्मचारियों ने डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

राजनीतिक संगठनों ने किया नमन:डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, राजस्थान कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ.संजय पुरोहित, डॉ. जीएस बुंदेला, डॉ.मयंक शुभम ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों में चेतना जागृत करने, अधिकारों के लिए संघर्ष करने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए वैचारिक संघर्ष किया। शहर और देहात भाजपा के पदाधिकारियों ने डॉ.अम्बेडकर को याद किया। शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी, विधायक अनिता भदेल, सांसद भागीरथ चौधरी, महापौर बृजलता हाड़ा व डिप्टी मेयर नीरज जैन सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि दी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि की। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता रलावता ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन कमजोरए पिछड़े वर्ग व किसानों के उत्थान एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए समर्पित रहा। राष्ट्र के नवनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान के लिए हम सदा उनके ऋणी रहेंगे।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार बंसल महेश चौहान राज नारायण असोपा पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता डा संजय पुरोहित कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन सतीश वर्मा शक्ति सिंह रलावता राजेन्द्र वर्मा राज कुमार गर्ग अशोक सुकरिया अहमद हुसैन अकरम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एमडीएस विवि में संगोष्ठी का आयोजन: डॉ.भीमराव अंबेडकर शोध पीठ महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में 134वीं अंबेडकर जयंती कार्यक्रम व संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अतिथि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मानद निदेशक प्रो.शिव प्रसाद ने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने समय के भविष्य वक्ता बताया उन्होंने बताया कि अंबेडकर जी ने संविधान के माध्यम से भारत के विकसित होने का मार्ग प्रशस्त किया है,आज उनके ही प्रयासों से भारत विश्व के शक्तिशाली देश में से एक बना है महिलाएं व दलित जनों को आगे लाने में सबसे अहम योगदान बाबा साहेब का ही रहा है। विधि विभाग की अतिथि शिक्षक सुमन शर्मा, प्रो.शिव प्रसाद, प्रो.शिवदयाल सिंह, प्रो.सुब्रतो दत्ता, प्रो.रीटा मेहरा, प्रो.सुभाष चंद्र, प्रो.अरविंद पारीक, डॉ आशीष पारीक आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अतिथि शिक्षक, विद्यार्थी, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुष्कर में कांग्रेसियों ने दी पुष्पांजलि : भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर अंबेडकर सर्किल पर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ.अम्बेडकर ने जीवन पर्यंत दलितों, पिछड़ों तथा शोषितों के उत्थान के लिए अथक संघर्ष किया तथा समता आधारित समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी दी हुई शिक्षा तथा मूल्यों को नई पीढ़ी को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। पुष्पांजलि कार्यक्रम में हाजी इन्साफ अली, दामोदर शर्मा, बेजनाथ पाराशर, अरशद इन्साफ, गोपाल, तिलोनिया सरफुद्दीन दामोदर मुखिया, जगदीश कुर्डिया, राजेंद मलिक सोनू नागौरा, बेनी गोपाल चौधरी, आलोक शर्मा, गिरीश पाराशर, प्रेम बाकोलिया, रूरवि धौलपुरिया शाहिद बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रैली निकाली

डीडवाना, (नि.सं.)। भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती सोमवार को डीडवाना में धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर दलित संगठनों के साथ सभी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित होकर शहर में भव्य रैली निकाली गई। यह रैली अम्बेडकर भवन से रवाना हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची। रैली का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह युवा हाथों में नीले झंडे लेकर ओर बाबा साहेब अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सांगलिया धूणी के स्वामी ओमदास महाराज रथ पर सवार थे। इस दौरान अंबडेकर सर्किल पर सभी लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद मेघवाल समाज भवन में जयंती समारोह का आयोजन हुआ।

स्मार्ट सिटी की स्वच्छता के हाल बेहाल

- सफाई कर्मी कचरा उठाने के बजाए डिपो में लगा रहे आग

अजमेर, (कासं)। एक ओर जहां अजमेर स्मार्ट सिटी सिटी बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर स्मार्ट सिटी की स्वच्छता के हाल बेहाल है, नगर निगम की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। शहरभर के कचरा डिपो से कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी निगम के ठेकेदार की होती है, डिपो से कचरा उठाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर डंप करना होता है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। ठेकेदार के कार्मिकों द्वारा कई डिपो से कचरा उठाने के बजाए कचरे में ही आग लगा कर निस्तारण किया जा रहा है।

शहर के कई हिस्सों में देखने को मिला जहां सफाई ठेकेदार के कार्मिकों द्वारा नियमित कचरा उठाने के बजाए कचरे में आग लगाई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि डिपो में कचरा जला देने से धुआं और बदबू फैल रही है। जिससे पर्यावरण के साथ क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा निगम प्रशासन से कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन इसओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन की ओर से अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।

सफाई के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च:हाल जस के तस: स्थानीय लोगों ने सवाल उठ है कि नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के अनुरूप जब कचरा उठाने का ठेका दिया जा रहा है तो फिर नियमित रूप प्रशासन द्वारा निगरानी क्यों नहीं की जा रही है। स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को स्वच्छा बनाए रखने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस है, शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर हाल बद से बदतर है। शहरवासियों ने मांग की है कि नगर निगम प्रशासन ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए कचरा डिपों में आग लगाने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाए न हो।

डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित

ब्यावर, (निसं) भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में भाजपा ब्यावर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ चांगगेट बाहर डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए।भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर अमर रहे, जय भीम के उद्घोष भी किये।इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार द्वारा देश में प्रमुख रूप से उनसे जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रुप मे विकसित करने का काम किया है। साथ ही भाजपा सरकार ने पंचतीर्थ के माध्यम से बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। जबकि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सही मायने में बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। साथ ही यह भी कहा कि डॉ0 भीमराव अंबेडकर वर्तमान समय में सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने अपने आप को अभाव में रहकर भी सम्पूर्ण विश्व पर प्रभावित किया है। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा है। प्रत्येक वर्ग के लिए उन्होंने चिंतन करके जिसमें विशेषकर महिलाओं, वंचितों, शोषितों, पीड़ितों व गरीब वर्ग को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर उन्होंने विशेष जोर दिया और विधि में भी ऐसे प्रावधान लेकर आए जिसकी वजह से आज सशक्त बन रहे है। केन्द्र की मोदी और भजनलाल सरकार भी इसी सोच को लेकर सभी वर्गों के उत्थान के कार्य को संकल्प से सिद्धि तक पूरा होने के लिए दिन रात एक कर रही है।

बाबा साहेब के बताए मार्ग पर मोदी सरकार देश के सभी वर्गो को साथ लेकर वर्ष 2047 तक आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य प्रासंगिकता से कर रही हैं।अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चेतन गोयर ने कहा कि डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने अपने ज्ञानकौशल के माध्यम से वैश्विक स्तर पर नई दिशा दिखाई है। उन्होंने अपने समय में विभिन्न कठिनाइयों का सामना किया है और जातिगत भेदभाव और छुआछूत जैसी समस्याओं से लड़कर शिक्षा के माध्यम से दुनिया में अपनी पहचान बनाई। हम सभी को उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। आशापुरा माता मंडल अध्यक्ष विजय दगदी ने कहा- डॉ0 भीमराव अंबेडकर हमारे देश के संविधान के निर्माता रहे हैं और पहले विधि मंत्री रहे। संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका, विचार, चिन्तन मनन को वास्तविक रूप से जन- जन तक पहुँचाना चाहिए।महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने कहा कि डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने देश में सामाजिक समरसता स्थापित करना का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन सभी योगदान को स्मरण करने के लिए भाजपा उनके जन्म जयंती को सामाजिक समरसता के रूप में मनाती हैं।

नेत्र चिकित्सा शिविर 17 को

अजमेर, (कासं)। मयाणी अस्पताल आशा गंज अजमेर एवं रिसर्च सेन्टर और जिला अंधता निवारण सोसायटी अजमेर के आर्थिक सहयोग से संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्योरापण शिविर का आयोजन आगामी 17 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मयाणी चिकित्सालय में रोगियो का पंजीकरण किया जाकर आपरेशन किए जाने योग्य लोगों को भर्ती किया जाएगा।

मायाणी चिकित्सालय प्रबंधक कमेटी के किशोर मंगलानी ने बताया है कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल वासवानी द्वारा अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएगा, उनके द्वारा रागियो को चिन्हित करके भर्ती करके आपरेशन किए जाएंगे। समाजसेवी पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के राजेश झूरानीएसंत प्रकाश उदासी, मंधाराम भिरयानी, गोविन्द लालवानी, प्रकाश गोस्वामी और जन सेवा समिति सर्वधर्म समिति के संजय लालवानी,गुणवन्त राहुल,सरदार बलबीर सिंह,सरदार रणजीत सिंह सलूजा आदि ने नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

सार-समाचार

मनकामनेश्वर मंदिर में कथा जारी

अजमेर, (कासं)। मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में सोमवार को व्यास पीठ से कथामृत बरसाते हुए कथा वाचक आचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री ने जगतपिता ब्रह्मा का भगवान श्रीकृष्ण से संबंध बताते हुए कहा कि ब्रह्माजी ने वृंदावन में ब्रजभक्ति प्रदान की है। कथा में उन्होंने अनेक प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के बीच में भजनों की प्रस्तुतियां भी दी जिस पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन शास्त्री ने प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में जो कल्याण की कामना करता है, वह केवल भक्ति करता है। भक्ति युक्त जीव के आसपास का वातावरण भी भक्तिमय हो जाता है। श्रीमदभागवत व रामचरित मानस की नवधा भक्ति की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा कि श्रीमदभागवत का समायोजन होने पर नवदा भक्ति आचरण में आ जाती है। कथा प्रतिदिन साढ़े बारह से साढ़े चार बजे तक चल रही है, समापन 19 मार्च को पूर्णाहूति के साथ होगा।

सरवाड़ में महायज्ञ का शुभारंभ आज

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर में स्थित श्री मंशापूर्ण गणेश मंदिर में मंगलवार से शुरू हो रहे श्री नवकुंडात्मक श्री गणपति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा व रामलीला का आयोजन होगा। इस अवसर पर भगवान गणपति की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जाएगी। पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी द्वारा मंत्रोचारण के साथ भगवान गणपति की पूजा होगी। यह कलश यात्रा सुबह भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर से रवाना होकर प्रमुख मार्गों से होते श्री मंशापूर्ण गणेश मंदिर पहुंचेगी। जहां पर सभी कलशो का विधिवत रूप से पूजा की जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खुशी देखने को मिल रही। इस कार्यक्रम को लेकर लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बिजयनगर में जल मंदिर का शुभारम्भ

बिजयनगर, (निसं)। सोमवार को राहगिरों को गर्मी के मौसम मे शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य को लेकर भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा बिजयनगर द्वाराजल मंदिर का शुभारंभ किया गया । प्रथम जल मंदिर कोगटा मेडिकल स्टोरद्ध विवेकानन्द चौराया बिजयनगर व दूसरा जल मंदिर शक्ति टैडर्स, महावीर बाजार बिजयनगर तथा तीसरा जल मंदिर त्रिपाठी सदन कृषि मण्डी चौराया बिजयनगर पर शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर दिनेश कोगटा पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष मध्य प्रान्त राजस्थान,डी सी जैन संयोजक गुरू वन्दन छात्र अभिनन्दन,एस एन जोशी शाखा अध्यक्ष,विमल भंसाली वित्त सचिव,बृजेश बाल्दी शाखा सचिव, जितेन्द्र पीपाड़ा जिला समन्वयक ब्यावर, राजेन्द्र वर्मा प्रकल्प प्रभारी जल मंदिर, गंगाधर काठेड, विनोद नाहर, विनोद त्रिपाठी, सिद्धार्थ बघेरवाल, शाहबशरण आचार्य व रामपाल तोषनीवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

ब्यावर में रक्तदान किया

ब्यावर,(निसं)। लाइफलाइन रक्तदाता ग्रुप के संस्थापक लक्ष्मण सामरिया ने अपना 61 वां रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। संस्था के प्रदेश संयोजक गोपालसिंह क्रेशर 24 गांव कानूजा उदय मानगढ़ विकास समिति के अध्यक्ष ने 19 वां, संस्था के रक्तदान प्रदेश विंग प्रभारी महावीर कुमावत ने अपना 43 वां रक्तदान किया। नारी शक्ति निशा राठौड ने अपना पहला रक्तदान किया ब्यावर जिला देहात संयोजक महेंद्र सिंह ने अपना 9 वां रक्तदान किया। संस्थापक लक्ष्मण सामरिया ने बताया कि राजकीय अमृत कौर ब्लड बैंक बिल्कुल खाली पड़ा है व महामानव भारत रात एन डॉ भीमराव अंबेडकर साहब की 134वीं जयंती है एवं उनकी माताजी बिदामी देवी सामरिया की द्वितीय पुण्यतिथि भी, इसलिए इस दिवस पर रक्तदान का आहवान किया एवं रक्तदान की भ्रांति पर रक्तदान का महत्व समझाया। राजकीय अमृत कौर अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर सुरेंद्रसिंह द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई।

मेवाड़ सभा भीलवाड़ा के चुनाव संपन्न

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। भीलवाड़ा के सांगानेर में श्री नामदेव छीपा समाज आम मेवाड़ के 21 गाँवों के प्रतिनिधियों ने मिलकर आम मेवाड़ सभा भीलवाड़ा के चुनाव अधिकारी प्रकाश जोशी, अध्यक्षता प्रेमसुख, काँकरवाल, मुख्य अतिथि राधेश्याम धनोपिया, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर जोशी, के सानिध्य में चुनाव सम्पन्न हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष हरकलाल मल्करा, महामंत्री सत्यनारायण सरावगी, मंत्री राजाराम नरबाण, घोषित किये गये। इस अवसर पर महामंत्री किशन नागर, पुर अध्यक्ष श्याम जैठानिया, चौथमल गंगवाल, गिरीराज नागर, भीमराज चिचोदिया, हमीरगढ़ से घीसुलाल डल्ड, किशन जड़िया, गोपाल डिग्गीवाल, श्यामलाल पाण्डिया, दौलतगढ़ भरत सेतुरिया, शिवप्रकाश जड़िया, कोमल जड़िया, आसींद प्रहलाद खण्डेलवाल, नेगड़िया कैलाश जड़िया, आमेसर गोवर्धन तलाईच, महुआखुर्द कृष्ण गोपाल गंगवाल, बिगोद नरेश भवरिया, भीलवाड़ा से दिनेश गुलगावॉ, राजेश धुमस, गौरव बाकलीवाल, धर्मेन्द्र गंगवाल, पहुना दीपचन्द तुरगरिया, दलीचंद जेठानिया, राधेश्याम डिग्गीवाल, महेश पाण्डिया, रामेश्वर डिग्गीवाल, कमलेश नरबाण आदि सैकड़ों समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष कविराज हरकलाल मल्करा ने बताया कि शीघ्र कार्यकारिणी घोषित कर शपथ ग्रहण समारोह किया जायेगा।

सरवाड़ में अंबेडकर जयंती मनाई

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर में अंबेडकर विकास समिति के तत्वावधान में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम पूर्वक मनाई गई। वहीं यह जुलूस बस स्टैंड पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर चमन चौराहे से अम्बेडकर सर्किल पहुंचा जहां पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। गौतम ने जुलूस पर पुष्प वर्षा भी की। इस दौरान भीमराव अंबेडकर समिति अध्यक्ष राधेश्याम रैगर एवं समिति सदस्यों द्वारा विधायक का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। इस जुलूस में काफी संख्या लोग मौजूद रहे। इस मौके पर एडवोकेट शैलेन्द्र जैन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची व एडवोकेट अजय पारीक साहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने गौतम का स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद करण बंजारा, कमलेश, कोमल, कुशल सोनी, कैलाश घारू, भागचंन्द खटीक, अभिषेक, कोमल, शंकर रैगर, सूरज पेंटर, गोपीलाल मेघवंशी, मदन लाल रैगर, चेतन खटीक, महावीर गिरदावर, अचलु सेवता व बादल सेवता सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे। इसी प्रकार शिक्षक संगठन व विभिन्न संगठनों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

गर्मी शुरू होते ही शुरू हुई पानी की किल्लत

- परेशान महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन
- आंदोलन की चेतावनी दी

अजमेर, (कासं)। एक ओर जहां शासन व प्रशासन गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को दूर करने की बात कर रहा है तो वहीं गर्मी की दस्तक के साथ ही अजमेर में पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर निगम के वार्ड संख्या 72 की राजीव कॉलोनी में पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने सोमवार को खिलाफ विरोध जताते हुए मटका फोड़ प्रदर्शन किया। नाराज महिलाओं ने जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द समाधान की मांग की, समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

नगर निगम के वार्ड संख्या 72 की राजीव कॉलोनी वासियों की स्थानीय महिला मटका फोड़ प्रदर्शन किया और प्रदर्शनकारी महिलाओं रेखा व अनिता सहित अन्य ने बताया कि कॉलोनी में पहले एक दिन छोडक़र पानी आता था, लेकिन जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ा वैसे ही नलों में पानी नहीं आ रहा है। कॉलोनी के कई घरों में पिछले कई दिनों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। इस संबंध में पार्षद से लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों तक को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। महिलाओं ने बताया कि पानी के लिए कॉलोनी की महिलाओं को 2 किलोमीटर दूर तक पैदल जाकर पानी लाना पड़ रहा है। घर के पुरुष काम पर जाते हैं, ऐसे में महिलाओं पर ही सारा बोझ है। पांच दिन में एक बार की सप्लाई की जा रही है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

भीलवाड़ा जार के चुनाव संपन्न, गर्ग अध्यक्ष, खान महासचिव, शर्मा कोषाध्यक्ष बने

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार भीलवाड़ा इकाई के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए रविवार को चुनाव संपन्न हुए इस अवसर पर पत्रकार पंकज गर्ग को अध्यक्ष और दिलशाद खान को महासचिव